## सार-समाचार

### पोस्टर का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सरपंच संघ के बैनर तले जयपुर में 4 फरवरी मंगलवार को सुबह 11 बजे जयपुर में सरपंचों व नवनियुक्त प्रशासको का विशाल सम्मेलन व स्वागत समारोह आयोजित किया जा रहा है इसमें प्रदेश भर के हजारों सरपंच व नवनियुक्त प्रशासक हिस्सा लेंगे राजस्थान सरपंच संघ के मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान ने बताया कि जयपुर में होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर व बैनर का विमोचन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल संरक्षक कृष्ण मुरारी दिलावर के नेतृत्व में व केकड़ी विधायक शत्रुघ्न गौतम के सानिध्य में मुख्यमंत्री आवास पर किया गया इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निवर्तमान सरपंचों/नवनियुक्त प्रशासकों से आव्हान किया कि उन्हें जो नई जिम्मेदारी मिली है उसका ईमानदारी से निर्वहन करें एवं तन मन लगाकर जनता की सेवा करें जिससे सरपंचों की जो छवि बनी हुई है उसमें और चार चांद लग जाए उन्होंने खास तौर पर सफाई व्यवस्था पर सरपंचों से ज्यादा ध्यान लगाने के लिए कहा और कहा कि प्रधानमंत्री आवास प्लस व खाद्य सुरक्षा का जो सर्वे चल रहा है उसमें ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को इसका लाभ दिलाए इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर गढ़वाल संरक्षक कृष्ण मुरारी दिलावर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद मीणा, अर्जून सिंह गौड़, रोशन अली, मुख्य महामंत्री शक्ति सिंह रावत, संयोजक महेंद्र सिंह मझेवला, भागीरथ यादव, भंवरलाल जानू, गोविंद सिंह लाम्बा, टोंक जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा चित्तौड़ जिला अध्यक्ष गणेश साहू मुख्य प्रवक्ता रफीक पठान प्रवक्ता रामप्रसाद चौधरी जयपुर जिला अध्यक्ष मेहर सिंह धनखड़ उपस्थित रहे।

### बायो गैस के बारे में जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं संस्था एनसीएचएसई द्वारा संचालित जलवायु अनुकूल परियोजना अंतर्गत बायो-गैस में उपलब्ध प्रौद्योगिकी पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन एआरएस उम्मेदगंज फार्म पर किया गया। कार्यशाला में किसानों को बायो गैस के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, उससे निकलने वाली सेलेरी का खेती में उपयोग कर उत्पादन को कैसे बढ़ाया जाए, इस पर चर्चा की गई। खेती के साथ-साथ अतिरिक्त आय के लिए बगीचा, पशुपालन, फसल विवधिकरण, फर्टिलाइजर को कम करके जैविक खेती करने की सलाह दी गई। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक कृषि आतिश कुमार शर्मा, उप-परियोजना अधिकारी आत्मा अनिल, उद्यान विभाग से कृषि अधिकारी डॉ.भॅवरलाल मीणा, कृषि विज्ञान केंद्र बोरखेड़ा से डॉ.महेंद्र सिंह एवं क्षेत्रीय निदेशक अनुसंधान उम्मेदगंज डॉ.बी.एस. मीणा सहित आईटीसी से देवब्रत कुमार, मनोज मिश्रा, ग्रीन ग्रो बायोगैस कंपनी उदयपुर से मुकेश ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। एसआईआईआरडी-झालावाड़, डीएससी-बारां, एसएमजीवीएस-बूंदी, बीएआईएफ-बीकानेर सहित कोटा जिले के 22 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

### 'पात्र परिवारों को मिले योजना का लाभ'

**छबड़ा** (निसं)। फलिया सरपंच ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय विधायक को पत्र प्रेशित कर पात्र परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाए जाने की मांग की हैं। सरपंच षिवनारायण लोधा द्वारा प्रेशित पत्र में बताया कि पीएम आवास योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना हैं। सरकार की मंषा है कि हर बेघर पात्र गरीब परिवार को योजना का लाभ मिले। फिर भी उनकी ग्राम पंचायत में पात्र परिवारो को उक्त योजना का लाभ नही मिल पा रहा है। फलिया पंचायत में ओबीसी पात्र परिवारों की संख्या 565 हैं। इसके बावजूद दो वर्षों में केवल 29 ही परिवारों को इस योजना का लाभ मिल सका हैं। जबकि जिले की अन्य पंचायतो में 80 प्रतिषत पात्र परिवार इस योजना से लाभांवित हो चुके हैं। उन्होने पात्रो को लाभ दिलवाए जाने की मांग की।

### कपड़े के थैलों का वितरण

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में कार्यवाहक ईओ के नेतृत्व में कचरा पात्रो व कपड़े के थैलों का वितरण कर उनकी उपयोगिता बताई गई। साथ ही षपथ दिलाई गई। कार्यवाहक ईओ यादवेंद्र यादव के अनुसार बुधवार को डस्टबीन व कपड़े के थेले वितरित किए। उन्होने कहा कि कस्बे की स्वच्छता और पर्यावरण के लिए सभी मिलकर काम करें। हमे घर का कूड़ा डस्टबिन में डाल कर रखना चाहिए। प्लास्टिक की थैली का इस्तेमाल न करे। उन्होंने कहा कि हमें अपने आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए ताकि हम बीमारियों से बच सके। उन्होंने कहा कि बाजार जाते समय कपड़े का थैला साथ में लेकर जाएं। इस अवसर पर रवि षर्मा, युसफ खान, मोहम्मद हनीफ, विजय यादव आदि कार्मिक साथ थे।

### विकास समिति की बैठक आयोजित

**छबड़ा** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को विकास समिति की बैठक प्राचार्य अरविंद प्रतापसिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम प्रभारी अशोक कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में विकास समिति सचिव अशोक कुमार मीणा ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया एवं विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई तथा छात्र हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में हिम्मतसिंह सिंघवी राज्य सरकार प्रतिनिधि व अशोक भार्गव भामाशाह सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र प्रतिनिधि व अविभावक ने भाग लिया। वही, खेल सप्ताह में महाविद्यालय की टीमों का क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि आज

**कोटा,** (निसं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी गुरुवार को प्रात:10.30 बजे शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से रामपुरा स्थित गांधी चौक में गांधीजी मूर्ति पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन कर ततपश्चात 11 बजकर 2 मिनट पर मौन रखा जायेगा पुण्यतिथि को कांग्रेसजन शहीद दिवस के रूप में मनाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी करेंगे। कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ.विजय सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण सहित कांग्रेसजन भाग लेंगे।

### देशी कट्टा सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रामपुरा कोतावाली थाना पुलिस टीम ने गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। कोतावाली थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए एक युवक को डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध हथियार देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए प्रताप चौक लाड़पुरा निवासी कपिल हरित (28) को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में अनुसंधान किया जा रहा है।

### ज्योति कलश यात्रा का स्वागत

**छबड़ा** (निसं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार से आ ज्योति कलश यात्रा का छबड़ा के ग्रामीण क्षेत्रो में धूमधाम से स्वागत किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम पंचायत गुगोर, कड़ैयावन एवं मुंडला के गांव आंचोली, कोटडी, दिलोद आदि गांवों में पुष्प वर्षा, माल्यार्पण, पूजा-आरती स्वागत सत्कार किया। यात्रा के साथ टोली द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी के बच्चो का मार्गदर्शन किया गया।

### अवैध शराब के सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध देशी शराब के 52 पव्वों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। गुमानपुरा थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर ने बताया कि इलाके में गश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए छावनी पुलिया के समीप निवासी भगवान सिंह तंवर (27) को गिरफ्तार कर उसके पास से अवैध शराब के 52 पव्वे बरामद किये।

### स्वच्छता मिशन बैठक आज

**बूंदी** (निसं)। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 30 जनवरी को सुबह 10.30 बजे जिला कलेक्टर के कक्ष में रखी गई थी। बैठक के समय में परिवर्तन कर अब दोपहर 1 बजे जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में उनके कक्ष में रखी गई है।

### विदाई समारोह

**कोटा,** (निसं)। राज्य उपभोक्ता आयोग के न्यायिक सदस्य व पूर्व न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार जैन व सदस्य रामफूल गुर्जर को जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम व पूर्व सदस्य हेमेन्द्र नारायण त्रिवेदी एवं स्टाफ द्वारा पूर्ण कार्यकाल होने पर भावभीनी विदाई दी गई।

## वंदना केरियर इंस्टिट्यूट ने की फ्री क्लास शुरू

**कोटा,** (निसं)। वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर तुषार दुबे ने कहा की कम फीस मे स्टूडेंट्स को अच्छी शिक्षा देना वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट की प्राथमिकता है। पढ़ाई के लिए आर्थिक तंगी को बाधा नहीं बनने दिया जाएगा। अब वंदना कैरियर इंस्टिट्यूट मे स्टूडेंट्स कम फीस व गरीब स्टूडेंट्स बिना फीस के भी कर सकेंगे नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी। वंदना केरियर इंस्टिट्यूट ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नीट की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाईन व ऑफलाइन फ्री क्लास शुरू की है। गरीब व जरूरतमंद स्टूडेंट्स को नीट व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री में तैयारी कारवाई जाएगी। वंदना केरियर इंस्टिट्यूट के निर्देशक तुषार दुबे पिछले कई सालों से ऑनलाइन नीट की तैयारी कर रहे हजारों छात्रों को फ्री-क्लास देकर नीट की तैयारी करवा कर नीट की परीक्षा पास करवा रहे है। यही नहीं टॉप 1000 रेंक में 18 छात्र तुषार दुबे की फ्री क्लास के भी स्टूडेंट शामिल हैं। तुषार दुबे 12वी तक के गरीब छात्रों को भी मुफ्त क्लास देकर पढ़ाते हैं। कोई भी स्टूडेंट पैसों के अभाव में शिक्षा से वंचित ना रहे।

# सफाई कर्मचारियों का नियुक्ति पत्र पाकर चेहरा खिला


कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के 16 सफाई कर्मचारियों के चेहरे खुशी से दमक उठे जब उनको 07 वर्ष पश्चात् नियुक्ति का पत्र प्राप्त हुआ। नगर निगम कोटा दक्षिण में आयोजित कार्यक्रम में कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने उक्त सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र बांटे।

वर्ष 2018 में सफाई भर्ती के दौरान 16 सफाई कर्मचारी ऐसे में जिनके प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण इनको नियुक्ति नहीं मिल पायी थी। ऐसे में उक्त सफाई कर्मचारियों के द्वारा लगातार नियुक्ति के लिये प्रयास किये जा रहे थे। निगम प्रशासन के द्वारा उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद इनकी नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हुआ। इस अवसर पर विधायक संदीप शर्मा ने सभी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुये कहां कि आप सभी ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा व लगन से नगर निगम की सेवा करें और अपने कार्य के माध्यम से शहर की सफाई व्यवस्था का मूल रूप से ध्यान रखें। इस अवसर पर महापौर राजीव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, उपमहापौर पवन मीणा, आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, आयुक्त उत्तर अशोक कुमार त्यागी, अति. आयुक्त-उत्तर जवाहर लाल जैन, उपायुक्त प्रथम महेश गोयल, उपायुक्त द्वितीय दयावती सैनी, उप नगर नियोजक सत्यनारायण राठौर, पार्षद सुरेन्द्र राठौर, योगेन्द्र सिंह राजावत, पी.डी.गुप्ता, आरती शाक्यवाल, लक्ष्मी मेहरा, नंद कंवर हाड़ा, रतन बाई, पार्षद प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेहरा, वेद प्रकाश कश्यप उपस्थित रहे।

## श्री सिधेश्वर महादेव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीन से

**रामगंजमंडी,** (निसं)। श्री सिधेश्वर मन्दिर का भव्य प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 3 फरवरी सोमवार से 10 फरवरी सोमवार तक होगा। फरक्या परिवार द्वारा दी गई जानकारी में बताया कि 3 फरवरी सोमवार को भव्य कलश यात्रा प्रात: 10 बजे से श्री गोवर्धननाथ जी मन्दिर से शुरू होगी जो उंडवा रोड़ सिधेश्वर मन्दिर पहुंचेगी। शेष कार्यक्रम में 6 फरवरी गुरुवार को सांय 7 बजे भजन संध्या, 7 शुक्रवार व 8 फरवरी शनिवार को सांय 7 बजे शिवजी की लीला व झांकियां, 9 फरवरी रविवार को जगतगुरु शंकराचार्य ज्ञानानंद तीर्थ भानपुरा पीठ द्वारा सांय 7 बजे आशीर्वचन होंगे। वहीं 10 फरवरी सोमवार को भी प्रात: 11 बजे से आशीर्वचन होंगे एवं दोपहर 12.20 बजे से प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम होगा।


**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री उमेरा फातिमा के स्कूल रिकार्ड में पिता का नाम मोहसिन अंकित है। जबकि सही नाम मोहसिन खान है। भविष्य में उमेरा फातिमा पुत्री मोहसिन खान के नाम से जाना जावे।

**मोहसिन खान**
**श्रीपुरा कोटा**



हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारुप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4)

**नाम अदालत ADJ 3 स्थान कोटा**
**आनन्द कुमार शर्मा**
**विरुद्ध**
**प्रेम सागर शर्मा**

वाद/प्रार्थना-पत्र : रेस्टोरेशन
प्रार्थना संख्या : CM 4/2023

नाम **राजरानी शर्मा पुत्री प्रेम सागर शर्मा पत्नी मोहनलाल शर्मा पता- म.नं. 192 B तलवण्डी, कोटा मो. 8003985192**

उक्त वादी ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है। अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए **ता. 18 मास 2 सन् 2025 को 10 AM पूर्वान्ह** में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रुप से अनुदेश दिया गया हो उपसंज्ञात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रुप में किया जायेगा।

यह आज ता. 21 मास 1 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

न्यायालय के आदेश से
रीडर
(मुद्रा) अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
क्रम-3, कोटा (राज.)


## विधायक ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण किया

- 'कोटावासी ग्रीन एनर्जी की ओर कदम बढ़ाते हुए डीपीएनजी सीएनजी सेवाएं अपनायें'
- 'आरएसजीएल विकसित कर रहा आधारभूत ढांचा'

**कोटा,** (निसं)। कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा ने राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा सीएसआर के तहत कोटा के आंगनबाडी केन्द्रों पर करायेे गये सौन्दर्यीकरण व अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। संदीप शर्मा ने कोटावासियों से ग्रीन एनर्जी की और कदम बढाते हुए घरेलू पाइपलाईन गैस सुविधा से जुडने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एलपीजी के स्थान पर अब डीपीएनजी सुविधा से जुडकर 24 गुणा 7 निर्बाध सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

विधायक संदीप शर्मा ने आरएसजीएल द्वारा सीएसआर गतिविधियों में भागीदारी निभाने की सराहना करते हुए सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की संस्थाओं से सीएसआर में उपलब्ध राशि का अधिक से अधिक विकास व जनहितकारी कार्यों में उपयोग करने का आग्रह किया। आरएसजीएल के एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल द्वारा 25 लाख रुपये से अधिक लागत से कोटा की 6 आंगनबाडी केन्द्रों में सौन्दर्यीकरण सहित विभिन्न प्रकार के कार्य करवाये गये हैं। उन्होंने बताया कि आरएसजीएल द्वारा सीएसआर के तहत प्रतिवर्ष विकास कार्य करवाये जा रहे हैं। एमडी रणवीर सिंह ने बताया कि कोटा शहर में सीएनजी पीएनजी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने के साथ ही पाइपलाईन से घरेलू गैस उपलब्ध कराने के लिए डीपीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नयन गौतम ने आरएसजीएल द्वारा कोटा में आंगणबाडी केन्द्रों के सौन्दर्यीकरण कार्य को सराहनीय निर्णय बताया। डीजीएम सीपी चौधरी ने बताया कि कोटा में 12 सीएनजी स्टेशनों के माध्यम से सीएनजी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कर्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान के रुपेश कुमार सिंह, आईसीडीएस के आलोक शर्मा, आरएसजीएल के डीजीएम प्रोजेक्ट्स आनन्द आर्य, राजकीय सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल केशवपुर की प्राचार्य डॉ. वैदेही गौतम, प्यूर इण्डिया ट्रस्ट के निशांत दुबे ने भी संबोधन किया। आरंभ में विधायक संदीप शर्मा सहित अतिथियों ने राजकीय सीनियर सेकण्ड्री स्कूल परिसर में आंगणबाडी कार्यों का लोकार्पण किया। दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर देविका और विजय लक्ष्मी के संयोजन में किरन बैरवा ने नृत्य और सरस्वती वंदना, श्रीमती राजलक्ष्मी के संयोजन में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की थर छात्रा ग्रेसी सिंह और पूजा मीणा ने अतिथियों का तिलक कर स्वागत किया। समारोह में विद्यालय शिक्षकों और विद्यार्थियों आर एस जीएल के अविनाश, प्रशांत आदि ने भी हिस्सा लिया।

## क्रीड़ा भारती का प्रान्त सम्मेलन दो फरवरी को

**कोटा,** (निसं)। क्रीड़ा भारती चित्तौड़ प्रांत का प्रांत सम्मेलन 2 फरवरी को प्रात: 11 बजे श्रीरामशान्ताय सभागार महावीर नगर तृतीय में आयोजित किया जाएगा। क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री बालमुकुंद यादव ने बताया कि सम्मेलन में सभी जिलों के संगठन के सदस्य, पदाधिकारी, क्रीड़ा केंद्रों के खिलाड़ी, उत्कृष्ट खिलाड़ी, प्रशिक्षक, विभिन्न खेल संघों, अकादमी, जिम एवं योग संस्थाओं से जुड़े हुए खिलाड़ी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

प्रांत मातृशक्ति सह प्रमुख सोनिया राठौड़ ने बताया कि प्रांत सम्मेलन में उत्कृष्ट खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों के साथ-साथ उनकी माता को भी 'जीजा माता सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान मलखंब, योग, हत्था माला, मल्लयुद्ध, रस्साकसी, तलवारबाजी के साथ ही अन्य स्वदेशी खेलों और अखाड़े का प्रदर्शन किया जाएगा। कोटा महानगर के अध्यक्ष अभयवीर सिंह तोमर तथा उपाध्यक्ष नंदकिशोर पांडे ने बताया कि 2 फरवरी को प्रात: 11.30 बजे सम्मेलन का उद्घाटन होगा। वहीं 1.45 पर खेल सत्र और 2.30 बजे समापन सत्र का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में चित्तौड़ प्रांत के 12 जिलों से खिलाड़ी एवं पदाधिकारी पहुंचेंगे। कार्यालय प्रमुख विनोद वर्मा ने बताया कि प्रांत सम्मेलन में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन अवॉर्डी गोपाल सैनी, राष्ट्रीय महामंत्री राज चौधरी, अखिल भारतीय सहमंत्री रामानंद चौधरी, शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक कल्पना देवी, संदीप शर्मा, बीजेपी राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष लव शर्मा, शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश गुप्ता, कुश्ती में महाराणा प्रताप अवॉर्डी रविंद्र पहलवान तथा अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर अरुंधति चौधरी अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे।

## एफ.पी.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज

**कोटा,** (निसं)। कोटा-बूंदी जिला दुग्ध संघ लगातार ग्राहकों की संतुष्टि और प्लांट को बढ़ाने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता चला आ रहा है। इसी क्रम में नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात द्वारा आयोजित एफ.पी.ओ. प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज हुआ जिसमें कोटा-बूंदी जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने प्रशिक्षण के लिए जाने वाले दल की बस को झण्डी दिखाकर रवाना किया।

कोटा-बूंदी जिला दुग्ध संघ के द्वारा संचालित एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर आगेर्नाइजेशन) कंपनी छोटी काशी सरस फोडर सीड कंपनी तथा कोटा सरस फोडर सीड प्रोड्यूसर की और से 20 व्यक्तियों को नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेने भेजा गया है। जिसमे चारा बीज, नेपियर स्टेम कंटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण सयंत्र, साईलेज, नवीन बीज किस्मों का उपयोग उन्नत नवीन खेती विधियों, आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने बताया की नेशनल डेयरी डवलपमेन्ट बोर्ड आनंद गुजरात की तर्ज पर आगे बढ़ने की जरूरत है, इसके लिए प्रशिक्षण की अति आवश्यकता है ताकि कोटा-बूंदी दुग्ध संघ भी प्रगति की और अग्रसर हो और चारा बीज, नेपियर स्टेम कंटिंग, खाद प्रबंधन बायोगैस और जैविक उर्वरक प्रसंस्करण, उन्नत नवीन खेती विधियों को जान सके, जिससे ज्यादा से ज्यादा किसान भाईयों को लाभ हो और संघ भी प्रगति की और बड़े। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक सदस्य पर 2000 रुपए का वहन होगा, जिसमे 20 सदस्यों का खर्च 40 हजार रुपए होगा जो कि कोटा दुग्ध संघ के सीबीबीओ खाते से वहन किया जाएगा।

## पट्टा वितरण में भेदभाव नहीं हो, कोटा उत्तर में नहीं बांटे गए पट्टे

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण में बुधवार को एक समारोह में फोर्टवाल व स्कीम प्रभावित क्षेत्र केशवपुरा सेक्टर 04, रामतलाई, रेतवाली, मोखापाड़ा, न्यू साबरमती कॉलोनी, कैथूनीपोल, श्रीपुरा, गुमानपुरा छावनी क्षैत्र के निवासियों को अपना मालिकाना हक दिया गया लेकिन दूसरी और कोटा उत्तर नगर निगम के सैकडों लोग आज भी पट्टे का इंतजार कर रहे हैं, जो अपने हक से वंचित रह गए हैं। कोटा उत्तर उप महापौर सोनू कुरैशी ने मांग करते हुए कहा कि कोटा उत्तर नगर निगम में भी जरूरतमंद व आवेदन करने वालों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। कोटा उत्तर नगर निगम के पार्षदों की एक बैठक सोनू कुरैशी के चैम्बर में आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि कोटा उत्तर नगर निगम क्षेत्र के लोगों को भी पट्टा वितरण किया जाना चाहिए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा। सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर निगम में जिन लोगों के पट्टे लम्बित चल रहे हैं उन्हें भी पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। भेदभाव पूर्ण रवैये को बंद कर जनहित में सभी आवेदकों को पट्टों का वितरण किया जाना चाहिए। सोनू कुरैशी ने कहा कि शीघ्र ही कोटा उत्तर में भी पट्टों का वितरण किया जाए नहीं तो इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में बिना भेदभाव के हजारों लोगों को शिविर लगाकर पट्टों का वितरण किया गया था।

सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर नगर निगम में लम्बित पट्टों का वितरण शीघ्र किया जाए ताकि आमजन को राहत मिले। इस अवसर पर पार्षद उषा ठाकुर, अमरनाथ शर्मा, गोपाल दास, परवेज शिब्बू, शहर जिला कांग्रेस सचिव दीपक शर्मा, खेमराज सिंह टीटू, शिवम माथुर, निशा गौतम, विनोद गौतम, चेतना माथुर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# प्रोपर्टी डीलर्स का कोटा विकास प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन

**कोटा,** (निसं)। न्यू कोटा प्रोपर्टी डीलर एसोसियेशन के तत्वावधान में कोटा विकास प्राधिकरण में सचिव व कार्यालय जिला कलेक्टर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटा को प्रोपर्टी सम्बन्धी समस्याओं बाबत एसोसियेशन अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा व नगर निगम प्रतिपक्ष नेता विवेक राजवंशी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया।


कोटा में प्रोपर्टी डीलर्स ने प्रदर्शन करके अपनी मांगे रखी।

न्यू कोटा प्रोपर्टी डीलर एसोसियेशन के प्रवक्ता शमशेर परमानी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा विक्रय स्वीकृति के आवेदन पत्र के साथ मकान-भूखण्ड की फोटो मांगी जाती हैं, जो अनुचित है चूंकि मकान-प्लाट का फोटो रजिस्ट्री के साथ कार्यालय में पूर्व में जमा होता है एवं केशवपुरा सेक्टर-6 के मकानों-भूखण्डों की रजिस्ट्रीयां, अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि कोई भी कार्य कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा नही किया जा रहा है जिससे अविलम्ब शुरू किया जावें। ज्ञापन द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य के अन्य प्राधिकरणों जयपुर, जोधपुर आदि में विक्रय स्वीकृति अनिवार्य नही हैं, जबकि कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा विक्रय स्वीकृति जारी की जाती है जिस नियम को बन्द किया जावे।

कोटा विकास प्राधिकरण के अलावा राजस्थान के अन्य विकास प्राधिकरणों में मुख्तारआम के द्वारा सभी कार्यवाहियें सम्पन्न की जा रही है। कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा भी मुख्तारआम से समस्त कार्यवाहियें सम्पन्न की जावें। इकरारनामा से प्रथम रजिस्ट्री की जावे एवं नगरीय कर में ब्याज व पेनल्टी में छूट दी जावे एवं रजिस्टर्ड मुख्तारनामा से जो रजिस्ट्री होती है उस रजिस्ट्री में छुट प्रदान की जावे। इस बाबत 26 फरवरी 2024 के आदेश को निरस्त किया जावे एवं पूर्व की भांति रजिस्ट्रीयां की जावे। ले-आउट पास कॉलोनियों के पट्टा, रजिस्ट्री जारी किया जावें।

सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण व अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वारा उक्त ज्ञापन के संदर्भ में कार्यवाहीं करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एसोसियेशन के महामंत्री मणिराज सिंह, दिलीप दाधीच, पुष्प कुमार जैन, मुकेश योगी, खेमराज वैष्णव, महावीर गौत्तम, त्रिलोक प्रजापति, राजेश अग्निहोत्री, अशोक बिन्दल, महावीर राठौर, रामकल्याण गौड़, खेमराज वैष्णव, अमित गुप्ता, महावीर प्रजापति, विमल मेहरा, धीरेन्द्र पोरवाल, पवन पारेता आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक-एफ11 विक्रय/2025/706 — दिनांक 28.1.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखण्ड संख्या 1288 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 1180-81 दिनांक 08.10.2014 को श्री भरत कुमार लछवानी पुत्र श्री कैलाश चन्द लछवानी के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री भरत कुमार लछवानी पुत्र श्री कैलाश चन्द लछवानी द्वारा उक्त भूखण्ड का जर्ये मुख्तारआम श्री दिनेश सिंह राजोरा पुत्र सज्जन सिंह द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.03.2017 को श्रीमती विजया राजोरा पत्नी श्री दिनेश सिंह राजोरा को विक्रय कर दिया गया हैं। अत: श्रीमती विजया राजोरा पत्नी श्री दिनेश सिंह राजोरा द्वारा उक्त भूखण्ड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड संख्या 1288 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती विजया राजोरा पत्नी श्री दिनेश सिंह राजोरा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा



**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 4767 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक - 29.1.25

आवास संख्या 1-डी-6 तलवण्डी कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री बलवीर वर्मा पुत्र श्री सुन्दर दास को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री बलवीर वर्मा पुत्र श्री सुन्दर दास द्वारा दिनांक 23.07.1984 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्री बलवीर वर्मा पुत्र श्री सुन्दर दास की मृत्यु दिनांक 15.10.1989 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन वसीयत नामा के आधार पर दिनांक 21.10.2024 को श्रीमती जनक वर्मा पत्नी स्व. श्री बलवीर वर्मा के पक्ष में किया गया। तत्पश्चात श्रीमती जनक वर्मा पत्नी स्व. श्री बलवीर वर्मा द्वारा उक्त आवास का उपहार जरिये उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) आलेखित कर दिनांक 03.01.2025 को श्री गिरीश बलवीर वर्मा पुत्र श्री बलवीर वर्मा को किया गया। श्री गिरीश बलवीर वर्मा पुत्र श्री बलवीर वर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-डी-6 तलवण्डी कोटा को उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री गिरीश बलवीर वर्मा पुत्र श्री बलवीर वर्मा का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री गिरीश बलवीर वर्मा पुत्र श्री बलवीर वर्मा का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्री गिरीश बलवीर वर्मा पुत्र श्री बलवीर वर्मा के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा



**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/16226 — दिनांक: 27.1.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कान्ती बाई पत्नी स्व. श्री भैरु लाल नागर एवं श्री मनीष नागर पुत्र स्व. श्री भैरु लाल नागर निवासी-22 ए तुलसी क्लिनिक के पास केशवपुरा सेक्टर-4 कोटा द्वारा भूखंड संख्या 22 ए केशवपुरा सेक्टर-4 कोटा क्षेत्रफल 1089.30 वर्गफुट का स्वामित्व का नाम हस्तांतरण करने हेतु नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या 22 ए केशवपुरा सेक्टर-4 का कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा के कार्यालय आदेश क्रमांक:- एफ-5/तह./क.ब. 2011/102 दिनांक 05.10.2011 से श्री भैरु लाल पुत्र स्व. श्री तेजमल के पक्ष में नाम हस्तान्तरण किया गया है। श्री भैरु लाल पुत्र स्व. श्री तेजमल की मृत्यु दिनांक 20.05.2015 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्रीमती योगिता नागर पुत्री स्व. श्री भैरु लाल, श्रीमती ममता नागर पुत्री स्व. श्री भैरु लाल व मुख्तार आम सुश्री मोनिका नागर पुत्री स्व. श्री भैरु लाल नागर द्वारा अपना हक पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 08.11.2024 से श्रीमती कान्ती बाई पत्नी स्व. श्री भैरु लाल नागर एवं श्री मनीष नागर पुत्र स्व. श्री भैरु लाल नागर के पक्ष में त्याग दिया है। श्रीमती कान्ती बाई पत्नी स्व. श्री भैरु लाल नागर एवं श्री मनीष नागर पुत्र स्व. श्री भैरु लाल नागर के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण



**कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/नपारा/भूमि/2024-25/5250 — **आपत्ति सूचना** — दिनांक:-28.1.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दिलीप वधवा पिता स्व. श्री भूषण कुमार वधवा निवासी रावतभाटा के द्वारा इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर पालिका रावतभाटा की बालाजी नगर आवासीय योजना के भूखंड संख्या 210 श्रेणी (MIG-B) जो श्री मनोज मलिक पिता श्री आर.एल. मलिक निवासी रावतभाटा को जरिये नीलामी दिनांक 21.01.2013 अंतर्गत विक्रय किया गया था। जिसका क्रेता के पक्ष में लीज डीड क्रमांक 54 दिनांक 16.04.2013 से जारी किया गया है व पंजीयन दिनांक 06.05.2013 को करवाया गया है। इसके उपरांत मूल क्रेता ने पालिका से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भूखंड को श्री भूषण कुमार वधवा पिता श्री भगवान दास वधवा निवासी रावतभाटा को जरिये पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 01.08.2016 से विक्रय किया गया। जिसका नामांतरण पालिका रिकार्ड में स्वीकृति पत्रांक 3443 दिनांक 18.11.2016 से दर्ज किया गया। जिसमें प्राप्त स्वामित्व अधिकारों के तहत नामान्तरिती को उक्त भूखंड पर आवासीय भवन निर्माण हेतु निर्माण स्वीकृति एवं नक्शानुमोदन पत्रांक 3444 दिनांक 18.11.2016 जारी की गयी, जिसके तहत नामान्तरिती ने उक्त भूखंड पर आवासीय भवन का निर्माण कर लिया है जो कि अर्द्धनिर्मित है। उक्त नामान्तरिती श्री भूषण कुमार वधवा पिता श्री भगवान दास वधवा निवासी रावतभाटा की मृत्यु दिनांक 20.01.2019 को हो जाने के कारण इस अर्द्धनिर्मित निर्मित भूखंड का नामान्तरण/हस्तान्तरण आवेदक द्वारा नैसर्गिक उत्तराधिकारी होने के कारण अपने नाम चाहा गया है, जिस हेतु आवेदक (मृतक का पुत्र) द्वारा उक्त भूखंड के नामान्तरण/हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र एवं अन्य जाईन्दा वारिसान द्वारा आवेदक के पक्ष में किए गए पंजीकृत हकत्याग दिनांक 24.12.2024 की स्व: प्रमाणित प्रति प्रस्तुत की है।

अत: इस भूखंड का उत्तराधिकारी नामान्तरण/हस्तान्तरण उपरोक्त प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर श्री दिलीप वधवा पिता स्व. श्री भूषण कुमार वधवा निवासी रावतभाटा के के नाम पर पालिका द्वारा किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग/बैंक आदि को कोई उजर या आपत्ति हो तो वे इस आपत्ति सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मियाद में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में लिखित में मय प्रमाणित साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा बाद मियाद प्राप्त किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा